ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 10.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- **वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग (उ0प्र0 सरकार) मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज दिनांक 10.03.2021 को नगर निगम द्वारा तैयार ककरा में नवनिर्मित एम0आर0एफ0 सेंटर का किया गया लोकार्पण।**

स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु नगर निगम द्वारा तैयार मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (**एम0आर0एफ0**) सेंटर का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 10.03.2021 को किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि वित,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग (उ0प्र0 सरकार) मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी** द्वारा किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम मे जिलाधिकारी/प्रशासक एवं नगर आयुक्त द्वारा मा0 मंत्री जी को बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित लोगो का आभार व्यक्त किया गया तथा नगर निगम द्वारा तैयार **एम0आर0एफ0** सेंटर नगर में बनने पर सभी नगरवासियों को शुभकामनायें दी गई। मा0 मंत्री जी द्वारा बताया गया कि एम0आर0एफ0 सेन्टर के माध्यम से नगर में होने वाले कचरे का सही निस्तारण हो सके, इसके साथ ही मा0 मंत्री जी द्वारा समस्त नगरवासियो से अपील की गई कि कचरे को इधर–उधर न फेंके व कचरे को कूड़ेदान में ही डाले एवं सिटीजन्स को अपने घर में दो कूडेदान रखकर सूखा व गीला कचरा अलग–अलग रखकर कचरे के वाहन में ही डाले और यदि सभी नगरवासी जागरुक होकर असमें सहयोग करेगे तो निश्चित रुप से नगर साफ एवं स्वच्छ बन सकेगा। जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सके। साथ ही इस अवसर पर कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त नगरवासियो से अपील की गई कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नगर निगम शाहजहॉपुर को देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिये अधिक–अधिक वोट करने व फीडबैक के दौरान पूँछे जाने वाले प्रश्नो के सही उत्तर देकर नगर निगम,शाहजहॉपुर को प्रथम स्थान लाने पर अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय श्री इन्द्र व्रिकम सिंह जी द्वारा कचरे के ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी गई व स्वंय के द्वारा हुये कचरे को खुद ही सही निपटान के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा ककरा में तैयार मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (**एम0आर0एफ0**) सेंटर के बारे में लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया जैसे– डोर–टू–डोर कचरा एकत्र कर मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (**एम0आर0एफ0**) सेंटर में कचरे को लाकर सूखे व गीले कचरे को अलग किया जायेगा। उसके बाद सूखे कचरे पॉलीथॉन व ठोस कचरे की छटनी कर उसको रिसाइकिलिंग के लिये भेज दिया जायेगा व इसके बाद हरे एवं गीले कचरे से खाद् बनाई जायेगी नगर आयुत महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि सूखे कचरे जैसे– साथ प्रकार की प्लॉस्टिक को मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी में अलग–अलग करके उपयोगी बनाया जायेगा। साथ ही बताया गया कि सूखे कचरे से आय का साधन भी बढेगा। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा घर पर ही होम कम्पोस्टिंग की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई जिससे घरों पर ही होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से कचरे का सही निपटान हो सके और नगर को कचरा मुक्त एवं साफ–स्वच्छ बनाया जा सकें। लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्र में कचरा बीनने वाले परिवारों के बच्चो द्वारा नृत्य कर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। एम0आर0एफ0 सेन्टर के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सुश्री साक्षी सिरारी द्वारा एम0आर0एफ0 सेन्टर के माध्यम से कचरे की निस्तारण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री श्री सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि,जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल) श्री0वी0एन0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी गौतम, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण, स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव तथा महानगर अध्यक्ष श्री अरूण गुप्ता, एम0आर0एफ0 सेन्टर के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सुश्री साक्षी सिरारी एवं नगर के सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ0 इन्दु अजनवी ने किया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।